पंजाब नैशनल बैंक
punjab national bank

मंडल कार्यालय: अघोरिया बाजार, मुजफ्फरपुर–842002

रोजगार विज्ञप्ति

मुजफ्फरपुर मंडल के अन्तर्गत आने वाली शाखाओं में अंशकालिक सफाई कर्मचारी संवर्ग के पदों पर भर्ती हेतु योग्य अभ्यर्थियों से निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

पद का नाम	अधीनस्थ संवर्ग के अन्तर्गत अंशकालिक सफाई कर्मचारी (पीटीएस) के पदों पर भर्ती
शैक्षणिक योग्यता	अधिकतम दसवीं कक्षा/स्टैंडर्ड पास नहीं होनी चाहिए। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता नहीं है, अनपढ़ भी अंशकालीन सफाई कर्मचारी (PTS) पद पर नियुक्ति के पात्र हैं। (Maximum not passed 10th class/standard.There is no minimum qualification and even illiterate are eligible for appointment as PTS)
आयु सीमा (01.01.2022)	01.01.2022 को न्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम 24 वर्ष। **अधिकतम आयु सीमा में छूट –** अनुसूचित जाति / जनजाति वर्ग को 05 वर्ष, अनुसूचित जाति / जनजाति वर्ग के शारीरिक विकलांग को 15 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग को 03 वर्ष, शारीरिक विकलांग वर्ग के अन्य पिछड़ा वर्ग को 13 वर्ष एवं सामान्य वर्ग के शारीरिक विकलांग को 10 वर्ष की छूट। भूतपूर्व सैनिक को कुल मिलिट्री सेवा वर्षों के अलावा 3 वर्षों की तथा 1984 के दंगों में मारे गए व्यक्तियों के बच्चों/परिवार के सदस्यों को 3 वर्ष की छूट। सभी छूटों को मिलाकर अधिकतम आयु सीमा दिनांक 01.01.2022 को 45 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।

जिलावार रिक्त पदों का विवरण

जिला का नाम	अनारक्षित (Unreserved)	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	अनुसूचित जाति (SC)	अनुसूचित जन जाति (ST)	आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग (EWS)	भूतपूर्व सैनिक (क्षैतिज आरक्षण के तहत)	विकलांग (क्षैतिज आरक्षण के तहत)	कुल
मुजफ्फरपुर	5	1	0	0	1	1	0	7
सारण	2	1	0	0	0	1	0	3
वैशाली	2	0	1	0	0	1	0	3
कुल	9	2	1	0	1	3	0	13

नोट : उम्मीदवार को जिस जिले के रिक्त पदों के लिए आवेदन करना है, उसे उस जिले का स्थायी निवासी (Domicile) होना अनिवार्य है।

आवेदन का प्रारूप

आवेदन का प्रारूप–1. अभ्यर्थी का पूरा नाम (हिन्दी व अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में), 2. पिता/पति का नाम, 3. स्थायी पता (मूल निवास प्रमाण–पत्र की प्रति), 4. मोबाईल नम्बर व ई–मेल पता, 5. शैक्षणिक योग्यता (प्रमाण पत्रों की प्रति), 6. *वर्ग/श्रेणी/जाति प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें, 7. विकलांग/श्रवण अपंगता प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें (यदि लागू हो) 8. जन्म तिथि व उम्र (दिनांक 01.01.2022 को आयु (वर्ष, माह, दिन), 9. सेवा निवृति पुस्तिका की प्रति तथा अंतिम वेतन प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें, 10. पैन कार्ड संख्या, 11. पिछली सेवा का विवरण यदि कोई हो, 12. स्वअभिप्रमाणित पासपोर्ट साइज फोटो आवेदन पर चस्पा करें, 13. रोजगार कार्यालय का पंजीकरण क्रमांक (पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रति) संलग्न करें, 14. आवेदन पत्र के नीचे पूर्ण हस्ताक्षर कर नाम एवं तिथि अवश्य लिखें (सभी प्रमाण पत्र स्वअभिप्रमाणित होनी चाहिए)।

अन्य जानकारी :–

1. आवेदन के लिफाफे पर 'अंशकालिक सफाई कर्मचारी' के पदों पर भर्ती हेतु आवेदन, जिला का नाम एवं श्रेणी (विकलांग/ श्रवण अपंगता/एस.सी./एस.टी./ओबीसी/अनारक्षित/भूतपूर्व सैनिक) अवश्य लिखें।
   सभी वांछित सूचना व स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पंजीकृत डाक द्वारा **मुख्य प्रबंधक (मा0सं0वि0) पंजाब नैशनल बैंक, मंडल कार्यालय, अघोरिया बाजार, मुजफ्फरपुर–842002, बिहार** के पते पर दिनांक 25.02.2022 को सायं 5:00 बजे तक प्राप्त हो जाना चाहिए। इसके पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
2. केवल पंजीकृत/स्पीड डाक से प्राप्त आवेदनों को ही चयन प्रक्रिया में सम्मिलित किया जाएगा। अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. आधी–अधूरी व असत्य जानकारी वाले आवेदन स्वत: निरस्त माने जाएंगे। अयोग्य अभ्यर्थियों के साथ किसी भी तरह का पत्राचार नहीं किया जाएगा।
4. चयन प्रक्रिया : योग्य अभ्यर्थियों का चयन बैंक के नियम अनुसार उनकी आयु एवं क्षेत्रीय भाषा में शिक्षा (पढ़ाई एवं लिखाई) के आधार पर किया जाएगा।
5. भर्ती प्रक्रिया बिना कोई कारण बताये निरस्त/निलंबित की जा सकती है।
6. चयन हो जाने के बाद भी यदि शैक्षिक योग्यता अथवा प्रस्तुत सूचनाएं गलत/असत्य पाई जाने पर चयनित उम्मीदवार का चयन निरस्त कर दिया जाएगा।

दिनांक :08.02.2022 **उप मंडल प्रमुख**